# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 10.01.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

- विकसित भारत यंग लीडर्स डॉयलाग नई दिल्ली में शुरू, युवा कार्य और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा – यह मंच युवाओं को राष्ट्र निर्माण में शामिल करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
- विश्व पुस्तक मेला नई दिल्ली में शुरू, मेले में लगभग पैंतीस देशों के एक हजार से अधिक प्रकाशक भाग ले रहे हैं।
- द्वीप समूह के दौरे पर आए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने कहा कि हमें वर्ष दो हजार सैंतालीस तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करना है।
- रंगत और मायाबन्दर में स्पाइस प्रवाह कार्यक्रम की समीक्षा बैठक सम्पन्न।

<><><><><><><>

युवा कार्य और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज कहा कि देश के भविष्य को आकार देने में युवाओं की अहम भूमिका है। नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के उद्‌घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री मांडविया ने कहा कि यह संवाद युवा नेतृत्व को प्रौद्योगिकी, उद्यमिता, शासन, सतत और सामाजिक विकास जैसे क्षेत्रों के समाधान के लिए प्रोत्साहित करेगा।केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि यह डायलॉग 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं की प्रतिभा और रचनात्मकता को पहचानने की एक प्रक्रिया है। यंग लीडर्स डायलॉग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह मंच राष्ट्र निर्माण में युवाओं को सक्रियता से शामिल करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने युवाओं से भविष्य में विकसित भारत का नेतृत्व करने के लिए निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने का आह्वान किया।

<><><><><><><>

तिरपनवां विश्व पुस्तक मेला 2026 आज राष्ट्रीय राजधानी में शुरू हो गया। नौ दिवसीय इस मेले में 35 से अधिक देशों के एक हजार से अधिक प्रकाशक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया। श्री प्रधान ने कहा कि पुस्तकें ज्ञान का वाहक हैं जो पीढ़ियों को जोड़ने के साथ ही सभ्यताओं की स्मृतियों को संजोती हैं और समाज को दिशा देती हैं। उन्होंने विश्व पुस्तक मेले को देश की पठन संस्कृति का सबसे बड़ा सार्वजनिक उत्सव बताया। इस वर्ष नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले का विषय है– भारतीय सैन्य इतिहासः वीरता और ज्ञान @75। इस वर्ष थीम पवेलियन मेले का मुख्य आकर्षण है, जिसमें सैन्य इतिहास पर पांच सौ से अधिक पुस्तकें प्रदर्शित की जा रही हैं और सौ से अधिक थीम आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पुस्तक मेला 18 जनवरी तक चलेगा।

<><><><><><><>

दुनियाभर में आज विश्व हिंदी दिवस मनाया जा रहा है। विदेशों में हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के इस दिवस की शुरुआत हुई थी। इसका उद्देश्य कूटनीति, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान–प्रदान सहित अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिंदी के उपयोग को प्रोत्साहित करना है। वर्ष 2006 में आज ही के दिन नागपुर में पहला विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया था। तब से हर वर्ष 10 जनवरी, विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। विदेश मंत्रालय और विदेशों में भारतीय मिशन भी प्रतिवर्ष इस दिवस को मनाते हैं।

<><><><><><><>

परीक्षा पे चर्चा 2026 के लिए चार करोड़ से अधिक ऑनलाइन प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि परीक्षा पे चर्चा एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन गई है, जिसका उद्देश्य युवाओं के लिए तनावमुक्त वातावरण बनाना है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के दौरे पर आए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्य सभा सांसद अरुण सिंह ने आज मिडिल प्वाइंट स्थित भाजपा कार्यालय का दौरा किया। वे पिछले दो दिनों से स्वराज द्वीप में आयोजित संसदीय समिति के बैठक के सिलसिले में आए हुए है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन भाजपा कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री अरूण सिंह ने कहा कि हम सबको मिलकर वर्ष दो हजार सैंतालीस तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करना है। उन्होंने कहा कि यह भूमि देशभक्ति और तीर्थ स्थल के समान है जहाँ स्वतंत्रता सेनानियों ने देश के लिए बलिदान दिया था। इसके बाद उन्होंने एक प्रेस कॉफ्रेन्स को संबोधित करते हुए विकसित भारत जी राम जी योजना के बारे में कहा कि इस योजना के अंतर्गत मनरेगा के कार्यदिवसों को सौ से बढ़ाकर एक सौ पच्चीस दिन किया गया है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष ने हमेशा से मोदी सरकार की छवि खराब करने का कार्य किया है और विकासित भारत जी राम जी अधिनियम में भी वो ऐसा ही कर रहे हैं। बिना तथ्यों की जाँच–पड़ताल किए लोगों में भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं जबकि इस योजना का ग्रामीण क्षेत्रों में स्वागत किया जा रहा है।

<><><><><><><>

स्पाइस प्रवाह कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा आठ और नौ जनवरी को रंगत और मायाबन्दर में की गई। इस अवसर पर सचिव कृषि एवं पशुपालन तथा पशुचिकित्सा विभाग पल्लवी सरकार की अध्यक्षता में मायाबन्दर और रंगत क्षेत्रों का दौरा किया गया। समीक्षा बैठक सहायक आयुक्त रंगत की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस दौरान योजना के समय पर क्रियान्वयन और समन्वय के लिए फील्ड अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। सचिव ने पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, स्वयं सहायता समूह सदस्यों एवं प्रगतिशील किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने किसान मैपिंग, ऑनलाइन पंजीकरण और बाजार से जुड़ाव पर विशेष जोर देते हुए बताया कि अब तक

एक सौ तीन दशमलव पांच हेक्टेयर क्षेत्र में मसाला खेती को कवर किया गया है जिससे लगभग सात सौ किसानों को लाभ मिला है।

<><><><><><><>

एक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम–सह–राजस्व शिविर 'संपर्क से समाधान – प्रशासन गाँव की ओर' पहल के तहत कल पोकाडेरा सामुदायिक सभागार, मायाबंदर में आयोजित किया गया। उपायुक्त मध्योत्तर अंडमान द्वारा, सुशांत पदा, की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के समन्वय से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य सेवा वितरण तंत्र को मजबूत करना, सार्वजनिक शिकायतों का समयबद्ध निवारण सुनिश्चित करना और जमीनी स्तर पर जनता के साथ सीधे बातचीत के माध्यम से राजस्व संबंधी मामलों का मौके पर ही निपटारा करना था। इस अवसर पर कुल चौंतीस राजस्व मामलों का निपटारा किया गया, जिसमें 12 उप–मंडल मामले, 17 नाम सुधार मामले और 05 म्यूटेशन मामले शामिल थे। इस कार्यक्रम में लगभग 110 लोगों ने भाग लिया, जिसमें पीआरआई प्रतिनिधि, कार्यालय प्रमुख और आम जनता शामिल थे। बातचीत के दौरान कई सार्वजनिक शिकायतें उठाई गईं, जिनमें मायाबंदर जिला अस्पताल में ब्लड बैंक की अनुपलब्धता, अस्पताल के मुर्दाघर की जर्जर स्थिति, सब्जियों और मछली की कीमतों में वृद्धि और बिलिग्राउंड में कोल्ड फूड स्टोरेज सुविधा के निर्माण की आवश्यकता शामिल थी। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को उठाए गए मुद्दों की प्राथमिकता के आधार पर जांच करने का निर्देश दिया।

<><><><><><><>

कल ट्राइबल काउंसिल, बिग लापाती, कार निकोबार में एडल्ट BCG वैक्सीनेशन अभियान पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अध्यक्ष लियोनल्ड निकोमेड, और सचिव ट्राइबल काउंसिल मार्टिन लूथर के साथ सभी गांव के प्रधान, महिला प्रतिनिधि और ट्राइबल काउंसिल, कार निकोबार के सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर निकोबार जिले में 15 जनवरी से शुरू होने वाला एडल्ट BCG वैक्सीनेशन अभियान पर चर्चा की गई।